CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 332 ▫ रायपुर, गुरुवार 26 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कोंडागांव की हेमबती नाग प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2024 से सम्मानित

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई



रायपुर, 26 दिसंबर (हाईवे चैनल)। कोंडागांव की हेमबती नाग प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार - 2024 से सम्मानित हुई। उन्हें राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू ने पुरस्कृत किया। इस उपलब्धि पर सीएम साय ने बधाई देते हुए कहा, शाबाश बिटिया! राष्ट्रीय जुडो खिलाड़ी, कोंडागांव की बिटिया हेमबती नाग को आज माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार - 2024 से सम्मानित किया जाना समस्त प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। हेमबती ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया, अपनी अथक मेहनत और कड़े संघर्ष से उन्होंने खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की अन्य प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया है। हमारी सरकार ऐसे प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चित ही बिटिया की यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुख्यमंत्री ने हेमबती को बधाई दी है।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव जल्द दीपक बैज दिल्ली में सक्रिय



रायपुर, 26 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली दौरे पर हैं। 15 दिनों में दीपक बैज का यह दूसरा दिल्ली दौरा है। उनके दिल्ली दौरे के दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की संभावना है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि कांग्रेस निकाय चुनाव से पहले राज्य के एक दर्जन जिला अध्यक्षों को बदल सकती है। वहीं संगठन में खाली पदों पर भी नियुक्तियां हो सकती हैं। कांग्रेस संगठन में राजधानी रायपुर, गरियाबंद, बिलासपुर, धमतरी और दुर्ग समेत कई जिलों के अध्यक्षों की बदलने की चर्चा चल रही है। निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन में सुधार करने की कोशिश कर रही है। पिछले एक साल से राज्य में हुए चुनाव में कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में कांग्रेस अपने जिला अध्यक्षों को बदलने की कवायद कर रही है।

- निकाय चुनाव से पहले राज्य के एक दर्जन जिला अध्यक्षों को बदल सकती है
- संगठन में खाली पदों पर भी नियुक्तियां हो सकती हैं।

सूत्रों का कहना है कि दीपक बैज अपने पिछले दौरे में भी संगठन में नियुक्तियों की सूची लेकर दिल्ली दौरे पर गए थे। लेकिन तब प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात नहीं हो पाई थी। सचिन पायलट से संगठन में फेरबदल की विस्तार से चर्चा के बाद हरी झंडी मिलने की संभावना है। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस के बागी नेताओं की वापसी पर भी चर्चा हो सकती है। बताया जाता है बेलगांव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद सूची जारी किए जाने की संभावना है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कानून और व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं : रेवंत रेड्डी



नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और टॉलीवुड उद्योग के निर्देशकों, निर्माताओं और अभिनेताओं के बीच हैदराबाद के बंजारा हिल्स में तेलंगाना राज्य पुलिस कमान और नियंत्रण केंद्र में एक बैठक हुई। संध्या थिएटर में चल रहे भगदड़ विवाद के बीच, सीएम रेड्डी ने टॉलीवुड अभिनेताओं को एक सख्त संदेश भेजा, जिसमें कहा गया कि कानून और व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सीएम रेवंत रेड्डी ने बैठक में साफ कर दिया कि बेनिफिट शो की इजाजत नहीं दी जाएगी। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े वरिष्ठ लोगों का कहना है कि फिल्म को सबसे ज्यादा फायदा फर्स्ट-डे शो और बेनिफिट शो से मिलता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन उसी तरह किया जाना चाहिए जैसे चंद्रबाबू नायडू के समय आयोजित किया गया था। सीएम रेड्डी ने यह भी कहा कि बाउंसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फैंस को कंट्रोल करना एक्टर्स की जिम्मेदारी होती है। फिल्म इंडस्ट्री को ड्रग्स के खिलाफ मुहिम चलानी होगी।

### भारत के बाद रूस को भी आंखें दिखाने की कोशिश कर भी रहा था बांग्लादेश, मिल गई सख्त चेतावनी

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश तेजी से अपनी कब्र खोद रहा है और हर दिन उसे गहरा भी करता जा रहा है। बांग्लादेश ने भारत को धमकी देने के बाद अब रूस को भी विवाद में घसीट लिया है। एमजीआर रूस और भारत ने मिलकर बांग्लादेश की धज्जियां उड़ा दी हैं। रूस ने दहाड़ते हुए बांग्लादेश को धोया है तो वहीं भारत ने कूटनीतिक खामोशी से बांग्लादेश को जबरदस्त झटकवड़िया है। दरअसल, रूस बांग्लादेश के पहला न्यूक्लियर पावर प्लांट बना रहा है। इस प्रोजेक्ट में कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट का नाम रूपपुर पावर न्यूक्लियर प्लांट है। रूस और भारत के साथ मिलकर ही शेख हसीना ने बांग्लादेश में शुरू करवाया था। रूपपुर प्रोजेक्ट पर जबरदस्त गति से काम चल रहा था मगर शेख हसीना के तख्तापलट के बाद प्रोजेक्ट लटकता दिख रहा है। बांग्लादेश के एन्टी करप्शन कमीशन ने आरोप लगाया है कि शेख हसीना और उनके बेटे ने खूब रिश्वत खाई है और ये रिश्वत 5 अरब डॉलर की हो सकती है।




**चूहा- सुनती हो, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी कह रही हैं कि आप को हराने भाजपा कांग्रेस को फंडिंग कर रही है।**
**चुहिया- हां जी, ऐसा ही तो पिछले चुनाव में कांग्रेस कह रही थी कि भाजपा कांग्रेस को हराने `आप' को फंडिंग कर रही है।**

## युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी



### वीर बाल दिवस समारोह में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को राष्ट्र के विकास से जुड़े हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर क्षेत्र में नए बदलाव और चुनौतियां देख सकते हैं, इसलिए हमें अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम तीसरे वीर बाल दिवस का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में %वीर बाल दिवस% मानने शुरूआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबज़ादों ने मुग़ल साम्राज्य के सभी प्रलोभनों को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने हर अत्याचार सहा। जब वजीर खान ने उन्हें जिंदा ईंटों से मार देने का आदेश दिया, तो साहिबजादों ने बड़ी बहादुरी के साथ चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने वजीर खान को गुरु अर्जन देव, गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह की बहादुरी की याद दिलाई। उन्होंने मृत्यु को स्वीकार कर लिया, लेकिन आस्था के मार्ग से कभी नहीं डिगे। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने हमें, सभी को एक समान भाव से देखना सिखाया है और संविधान भी हमें इसी विचार की प्रेरणा देता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें देश की अखंडता और विचारों से कोई समझौता ना करने की सीख देता है और संविधान भी हमें भारत की प्रभुता और अखंडता को सर्वोपरि रखने का सिद्धांत देता है। हमारे लोकतंत्र की विराटता में गुरुओं की सीख है, साहिबजादों का त्याग है और देश की एकता का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि इतिहास से वर्तमान तक, भारत की प्रगति में हमेशा युवा ऊर्जा की बड़ी भूमिका रही है। आजादी की लड़ाई से लेकर 21वीं सदी के जनांदोलनों तक, भारत के युवा ने हर क्रांति में अपना योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें प्रेरणाओं से भरता है और नए संकल्पों के लिए प्रेरित करता है। मैंने लाल किले से कहा है कि अब बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए।

## राजनांदगांव पुलिस भर्ती रद्द, भ्रष्टाचार का खुलासा और कॉन्स्टेबल की सुसाइड के बाद सरकार का एक्शन



राजनांदगांव, 26 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने राजनांदगांव पुलिस भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। आरक्षक की आत्महत्या और हाथ में लिखे गए सुसाइड नोट के बाद राजनांदगांव आईजी दीपक कुमार झा ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच टीम को 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। भर्ती परीक्षा में उम्मीदवारों के नंबर में गड़बड़ी की गई थी। मामले में 4 कॉन्स्टेबल सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

राजनांदगांव जिले में 16 नवंबर से पुलिस भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी। भर्ती में शारीरिक दक्षता की परीक्षा के नंबरों में गड़बड़ी की गई थी। गोला फेंक इवेंट में मीना को 20 में 20 अंक मिले थे। गोला फेंक की प्रभारी बनाई गई डीएसपी तनुप्रिया ने शक के बाद मैनुअल और सॉफ्टवेयर की जांच की। जिसमें मीना को 11 की जगह 20 अंक देना पाया। मामले में की परत दर परत सामने आने के बाद कई पुलिस कॉन्स्टेबल राडार पर आए। इसी दौरान 21 दिसंबर को लालबाग थाना क्षेत्र में अनिल रत्नाकर नाम के एक आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रत्नाकर खैरागढ़ पुलिस में पदस्थ था और शारीरिक दक्षता परीक्षा की निगरानी में शामिल था। रत्नाकर ने अपने हाथ पर ही सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने कहा था कि, आरक्षक भर्ती में कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है और अधिकारियों को बचाया जा रहा है। जबकि इसमें सभी शामिल है।

## केजरीवाल पर एफआईआर चाहती है कांग्रेस



### आप का पलटवार- 'इंडिया' से बाहर करने पर चर्चा करेंगे

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं में भारी नाराजगी है। आप सूत्रों के हवाले से खबर है कि इंडी गठबंधन से कांग्रेस को बाहर कराने के लिए आम आदमी पार्टी दूसरी पार्टियों से बातचीत करेगी। आप का कहना है कि कांग्रेस भाजपा के साथ मिलकर काम कर रही है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर की मांग व कांग्रेस के नेताओं के बयानों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं में नाराजगी है।

प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षय लाकड़ा ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी से जुड़े अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने संसद मार्ग थाने में शिकायत की है। अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर दिल्ली की जनता को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि आप के विधायक और एमसीडी पार्षदों की ओर से कथित तौर पर व्यक्तिगत डेटा मतदाता पहचान पत्र और फोन नंबर एकत्रित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में ओटीपी सत्यापन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे जनता का विश्वास तोड़ा गया है। वहीं दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई योजना लागू नहीं की गई है। लाकड़ा ने आरोप लगाया कि यह कदम धोखाधड़ी और जालसाजी का स्पष्ट उदाहरण है, जिससे जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को राजनीतिक छलावा करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना के नाम पर महिलाओं को गुमराह कर फार्म भरवाए जा रहे हैं, जबकि दिल्ली सरकार के बाल विकास विभाग की ओर से जारी नोटिस ने स्पष्ट किया गया है कि यह कोई सरकारी योजना नहीं है।

## अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न का आरोपी डीएमके का सदस्य, भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि चेन्नई में अन्ना विश्वविद्यालय की 19 वर्षीय छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया आरोपी बार-बार अपराधी और डीएमके पदाधिकारी है। अन्ना विश्वविद्यालय परिसर के पास बिरयानी की दुकान चलाने वाले कोट्टूर के 37 वर्षीय ज्ञानसेकरन को तमिलनाडु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कथित तौर पर आरोपी ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश किया, दूसरे वर्ष की इंजीनियरिंग छात्रा के पुरुष मित्र की पिटाई की और फिर उसका यौन उत्पीड़न करने से पहले उसे झाड़ी में खींच लिया। एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के परिसर के अंदर होने वाली ऐसी घटना ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर बहस, विरोध और राजनीतिक खींचतान शुरू कर दी है। एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कथित आरोपियों के साथ उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य डीएमके नेताओं की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने कहा कि अतीत में ऐसे मामलों की संख्या से एक स्पष्ट पैटर्न उभरता है।

## प्लेन के गिरते वक्त `अल्लाह-हू-अकबर' कहते हुए करता रहा रिकॉर्ड



नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कजाकिस्तान के अक्तौ शहर के पास बुधवार (25 दिसंबर) को एक दिल दहला देने वाली विमान दुर्घटना हुई, जिसमें कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने न केवल कजाकिस्तान, बल्कि पूरी दुनिया को शोक में डुबो दिया है। विमान में कुल 67 लोग सवार थे, जिनमें से 62 यात्री और 5 क्रू सदस्य शामिल थे। इस हादसे से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक यात्री अपने जीवन के अंतिम क्षणों को 'अल्लाह-हू-अकबर' कहते हुए रिकॉर्ड कर रहा था। यह वीडियो इस हादसे के भयावह और दिल दहला देने वाले दृश्य को दर्शाता है।

कजाकिस्तान के अक्तौ शहर में 25 दिसंबर को एक बड़ा विमान हादसा हुआ। दुर्घटना में शामिल विमान अजरबैजान एयरलाइंस का था, जो अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के चेचन्या राज्य के ग्रोजनी शहर के लिए उड़ान भर रहा था। फ्लाइट का विमान एम्ब्रेयर 190 था, जो एक क्षेत्रीय जेट एयरलाइन के रूप में जाना जाता है। विमान ने अपनी उड़ान के शुरू होने के महज 3 किलोमीटर बाद, कजाकिस्तान के अक्तौ शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के समय विमान में 67 लोग सवार थे, जिनमें 62 यात्री और 5 क्रू मेंबर थे। रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे के बाद कजाकिस्तान के आपातकालीन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया और घायलों का इलाज शुरू किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे में 38 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि 32 लोग जिंदा बच पाए हैं। घायलों को इलाज के लिए कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना से एक विशेष फ्लाइट भेजी गई, जिसमें डॉक्टरों की एक टीम भी शामिल थी।

## फ्लाइट में लगेज से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव



नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अगर आप फ्लाइट से सफर करते हैं, तो आपके हैंड बैग का वजन अब 7 किलो से ज्यादा नहीं होना चाहिए। यह नया नियम प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी क्लास के यात्रियों पर लागू होगा। लेकिन बिजनेस क्लास और फर्स्ट क्लास के यात्रियों के लिए इस नियम में छूट दी गई है।

हर दिन लाखों लोग फ्लाइट के जरिए देशभर में यात्रा करते हैं। कम समय में एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए फ्लाइट लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीसीएएस समय-समय पर नियमों में बदलाव करता है। प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी क्लास के यात्रियों को अपने हैंड बैग में अधिकतम 7 किलोग्राम वजन ले जाने की अनुमति होगी। बिजनेस और फर्स्ट क्लास के यात्रियों के लिए यह सीमा 10 किलोग्राम तक है। बैग का आकार भी तय किया गया है, और इससे अधिक वजन या आकार होने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा। बैग के आकार को लेकर भी नियम स्पष्ट किए गए हैं। बैग की लंबाई 40 सेमी, चौड़ाई 20 सेमी और ऊंचाई 55 सेमी से अधिक नहीं होनी चाहिए। तय सीमा से बड़े या भारी बैग्स को अनिवार्य रूप से चेक-इन करवाना होगा। इंडिगो एयरलाइंस ने भी अपने बैगेज नियमों में बदलाव किया है। यात्रियों के लिए इन नई गाइडलाइंस को समझना और उनका पालन करना अनिवार्य होगा। एयरलाइंस की ओर से कहा गया है कि तय सीमा से अधिक वजन या आकार वाले बैग्स पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। अलग-अलग क्लास के यात्रियों के लिए चेक-इन लगेज की सीमा पहले की तरह ही तय है। तय सीमा से अधिक लगेज पर अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। अपनी यात्रा से पहले एयरलाइन द्वारा निर्धारित लगेज और हैंड बैगेज की सीमा की जानकारी लें। नियमों का पालन न करने पर आपको अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ सकता है। यात्रा के दौरान तय आकार और वजन के बैग का ही इस्तेमाल करें।

CMYK